# विशेष अभियान के तहत 25 वारंटी पकड़े

**श्रावस्ती।** विभिन्न मामलों में कोर्ट में हाजिर न होने वाले वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए शनिवार को विशेष अभियान चलाया गया। एएसपी मुकेश चंद्र उत्तम ने बताया कि अभियान के तहत 12 घंटे में 25 वारंटियों को पकड़कर न्यायालय में पेश किया गया। अभियान के तहत गिलौला व इकौना थाने की पुलिस ने सर्वाधिक सात-सात वारंटियों, सिरसिया पुलिस ने दो, मल्हीपुर पुलिस ने छह, हरदत्तनगर गिरंट पुलिस ने दो व नवीन मॉडर्न थाने की पुलिस ने एक वारंटी को गिरफ्तार किया है। (संवाद)

# दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** एएसपी मुकेश चंद्र उत्तम ने बताया कि मल्हीपुर क्षेत्र के शिकारी चौड़ा रमवापुर निवासी सौरभ मिश्रा पर नाबालिग के साथ दुष्कर्म समेत विभिन्न धाराओं में केस दर्ज है। आरोपी की तलाश में दबिश दी जा रही थी। रविवार को गुप्त सूचना पर उपनिरीक्षक नदीम खान ने आरोपी को सचिवालय कुट्टी के पास से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। (संवाद)